# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# सालिड वेस्ट के संबंध में होटल व्यवसायियो, हाउसिंग सोसायटी, प्राइवेट अस्पताल की कार्यशाला आयोजित।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में गुरूवार को सालिड वेस्ट कचरा संग्रहण के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें होटलो एवं हाउसिंग सोसायटीयो से निकलने वाले कचरे को किस प्रकार से सेग्रिगेट किया जाए प्रशिक्षक द्वारा बताया गया। होटलो से जो भी गीला कचरा निकलता है उसका पर्याप्त मात्रा में वहीं पर आसानी से खाद बनाया जा सकता है। सभी होटलो के लिए यह अनिवार्यता है अपने कैंपस में ही गीले कचरे का निपटान करें। कोई भी होटल व्यवसायी, हाउसिंग सोसायटी एवं अस्पतालो द्वारा अपने यहां का कचरा इधर-उधर नहीं फेकेगे और फेकते हुए पाये जाने पर निगम द्वारा दण्डनात्मक कार्यवाही की जायेगी। सूखा कचरा नगर निगम के सफाई कर्मचारी को एक जगह एकत्रित करके देना है। अस्पतालो से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है इसको कहीं पर नहीं फेकना है उसका निपटान वैज्ञानिक ढंग से करना है। खूले में मेडिकल वेस्ट फेकते हुए पाये जाने पर हास्पिटल के उपर दण्डनात्मक कार्यवाही करते हुए उनका गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसंेस निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी अस्पताल, होटल व्यवसाय खोलने के लिए जब अनुमति मिलती है, तो उन सब बातो का बराबर उल्लेख रहता है, होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी पालन नहीं करते है, इसका उन्हे पालन अवश्य करना होगा। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्यो द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सभी के द्वारा नियमो का पालन किया जायेगा। एक सुझाव आया कि सभी का एक वाहटसअप गुरप बनाया जाये, जिसमे कचरे का निष्पादन, उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का आदि किस प्रकार से किया जा रहा है उसकी जानकारी का भी आदान-प्रदान होता रहे। एक दुसरे के बीच समन्वय स्थापित हो। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, होटल सेंट्रल पार्क, अमित पार्क, अमित इंटरनेशनल, होटल हिमालया, होटल आशीष इंटरनेशनल, होटल लवली पैलेश, होटल अजंता के मैनेजर व स्पर्श हास्पिटल, हाईटेक हास्पिटल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# स्वाइन फ्लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों की बैठक ली।

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के बीमारी के केस बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल ने आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें इस बात पर चर्चा हुई, कि हम सब लोग किस प्रकार से इस बीमारी के प्रभाव को कम कर सके। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जो भी पीड़ित जो भी प्रभावित मरीज मिल रहे हैं। उनको बेहतर ट्रीटमेंट मिले प्राथमिक रूप से क्या बचाव किया जाए इसके लिए भी चर्चा की गई। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंजारे, सर्ववीलायेन्स अधिकारी, सीएमओ दुर्ग, मलेरिया अधिकारी ने बताया गया कि एच-1, एन-1 के धनात्मक प्रकरण प्राप्त हो रहा है। इसके प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, छीकना, बुखार आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी-दस्त, थकावट हो सकती है। संक्रमण की अवधि 1-2 दिन तक हो सकती है। संक्रमण के प्रकार- संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के 3-5 दिवस तक अन्य व्यक्तियों को भी हो सकता है। स्वाइन फ्लू से बचावः- छीकते-खासते समय दूरी मेंटेन करें, मुंह पर रुमाल रखें, मुह पर मास्क लगाए, अनावश्यक बाहर न निकले, एक दूसरे से दूरी बनाए, पानी उबालकर पिए, हाथ को सेनीटाइज करे, हाथ साबुन से धोकर ही भोजन करें, बाहर खाने से बचे, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से दूरी बनाए। स्वाइन फ्लू का लक्षण दिखने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिकि स्वास्थ्य केन्द्र, सुपेला शासकीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में संपर्क कर सकते है। चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में स्वाइन फ्लू के लिए अलग से 30 बिस्तर का अलग से आइसोलेटेड वार्ड बनाया गया है एवं स्वाइन फ्लू के रोगियो के उपचार के लिए 30 बिस्तर का वार्ड भी बनाया गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी 10 बिस्तर का अलग से वार्ड निर्धारित किया गया है, जहां पर स्वाइन फ्लू से संबंधित मरीजो का इलाज किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी से सहयोग की अपील की है। किसी भी प्रकार से पैनिक नहीं होना है कोरोना के समय जो प्रिकॉशन अपना रहे थे। उसी प्रकार से इसमे भी परहेज करना है। किसी भी प्रकार की बिमारी का लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र एवं नगर निगम भिलाई के कन्ट्रोल रूम 0788-2294303 पर संपर्क कर सकते है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी 13 अगस्त को

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर आस-मोर मकान का आबंटन लाॅटरी पद्वति से किया जाना है। भिलाई निगम क्षेत्र में किराये पर निवासरत या जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है, उनके लिए आवास पाने का यह सुनहरा अवसर है। नागरिको से पूर्व में आवास आबंटन हेतु आवेदन जमा कराया गया है। जिसमे पात्र हितग्राही है, उन्हे ही मकान आंबटन किया जाना है।

निगम भिलाई क्षेत्र में सूर्या बिहार के पीछे खम्हरिया (1120/616), एनार स्टेट (476/630), माईल स्टोन स्कूल के पास (896/546), कृष्णा इंजीनियरिंग काॅलेज के पीछे खम्हरिया (335/338) तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद (444) में आवास निर्मित किया गया है। जिसका आबंटन 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किया गया है, उन्हे यह मकान आबंटन किया जायेगा। आवास का आबंटन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में 13 अगस्त समय 11ः00 बजे से किया जायेगा। हितग्राही लाॅटरी में भाग लेकर आवास आबंटन का लाभ ले सकते है।

हितग्राहियो की सुविधा के लिए लोन प्रदान करने वाले बैंक के काउंटर भी लगेगे। जिसमें चयनित हितग्राही जिनका लाॅटरी में मकान निकल जायेगा। वे अपनी सुविधा के अनुसार बैंको से लोन प्राप्त कर सकते है। लोन की सुविधा उनके इच्छा के उपर रहेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी हितग्राहियो से अपील की है, कि जिस हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा की गई है। वें नागरिक निगम कार्यालय में सुबह समय पर उपस्थित हो जाये। उनको 10 प्रतिशत अंशदान राशि की रसीद एवं जमा किये गये दस्तावेज साथ जरूर लाये। जिससे लाॅटरी के माध्यम से आपको आवास का आबंटन किया जा सके।



नगर पालिक निगम भिलाई

# साईकल रैली निकालकर हर घर तिरंगा झण्डा लगाने के लिए प्रेरित किया।

भिलाईनगर। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा झण्डा लगाने की जागरूकता हेतु साईकल रैली निकाली गई। जन जागरूकता रैली जोन क्रमांक 01, 02 में निकाली गई, जिसमें सैंकड़ो लोग शामिल हुए। रैली की शुरूवात नेहरू नगर जोन कार्यालय से भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, सुशील चैधरी, भारत विकास परिषद के अनिल कुमार डागा, जितेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

पुरे उत्साह एवं जोश-खरोस के साथ हाथों में तिरंगा झण्डा लिये छात्र-छात्राएॅं, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी कर्मचारी बड़े ही स्वाभीमान के साथ चले जा रहे थे। भारत माता की जय, बन्दे मातरम की जय, कौन हमारी सबकी माता, भारत माता भारत माता, हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा का जयघोध करते हुए चले रहे थे। रास्ते में आने-जाने वालो से बहुत समर्थन मिल रहा था। आर्ट आॅफ लिविंग संस्था से गुलाब देशमुख, श्रीधर अग्रवाल एवं सदस्यगण गाड़ी से उतर कर झण्डा लेकर खुद को रैली में शामिल होने से नहीं रोक पाये। रैली वहां से निकलकर केपीएस चैंक, नेहरू नगर में भ्रमण करते हुए नेहरू नगर चैंक पर स्थित शहीद पार्क में समापन किया गया। वहां पर एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रैली में शामिल हुए सभी सदस्यो को तिरंगा शपथ दिलाया। ''मैं शपथ लेता हू कि मैं तिरंगा फहराउगां अपने स्वतंत्रता सेनानीयों और वीर सपूतो की भावना का सम्मान करूगां और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूगां।'' रैली में शामिल हुए सभी छात्र-छात्राओ को काॅपी, पेन एवं रबर पेसिंल निरंकारी द्वारा वितरण किया गया। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

रैली में प्रमुख रूप से शामिल हुए जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, अनिल मेश्राम, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, राजेश पालवे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रदीप भुवाल, स्पोर्टस शिक्षक विजय, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परगनिया, हेमंत मांझी, भूतपूर्व कर्मचारी निर्मल शर्मा, प्रेमलाल साहू, शहरी अजीविका मिशन से मिशन मैनेजर अमन पटले एवं अन्य राष्ट्र भक्त सहभागी रहे।





## प्रमुख आकर्षण 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7ः30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जायेगा। प्रातः 8ः00 बजे मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में किया जायेगा। तत्पश्चात प्रातः 8ः30 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा शहीद उद्यान सेक्टर 05 में ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए जो भी संस्थाएॅ उत्कृष्ठ कार्य कर रही है, उनको भी सम्मानित किया जायेगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक विभाग से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले दो कर्मचारियो को सम्मानित किया जायेगा।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किये है कि निगम क्षेत्र के सभी चैक-चैराहो की साफ-सफाई हो, महापुरूषो की प्रतिमाओं की सफाई-घुलाई हो, माल्यापर्ण हो, प्रमुख जगहो पर देशभक्ति के गीत बजाये जावें। निगम के महापौर एवं आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील की है। सभी नागरिक अपने घर पर एक झण्डा अवश्य लगाये एवं राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# स्वच्छता नोडल अधिकारी ने निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

भिलाईनगर। 20 अगस्त को जिला शिक्षा विभाग के काॅर्डिनेटर जिला कलेक्टर दुर्ग के आदेश का पालन करते हुए स्वच्छता नोडल अधिकारी द्वारा निगम भिलाई क्षेत्र का औचक सर्वे करने पहुंचे। नोडल अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 31 से 35 तक के वार्डो का बारिकी से सर्वे किया गया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र पांडे द्वारा प्रमुख रूप से सड़क सफाई, नाली की सफाई एवं डोर-टू-डोर कराये जा रहे सफाई कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था को देखकर निगम के कार्य की सराहना की गई। इसी प्रकार स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा डोर-टू-डोर वार्डो एवं घरो में जाकर सफाई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में प्रचार-प्रसार कर रही है उनकी जानकारी प्राप्त किये। साथ ही समूह की महिलाओ द्वारा सफाई को लेकर नागरिको से कचरा सड़को एवं नालियों में नहीं डालने की समझाईस दे रही है उनके बारे में भी जानकारी प्राप्त की ।

श्री पांडे द्वारा जोन के सुपरवाइजर वीरेंद्र बंजारे से निगम क्षेत्र में एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचकर वेस्ट सेग्रीगेशन, मशीनो द्वारा किये जा रहे कार्य एवं पंजी रजिस्टरों जानकारी प्राप्त की । उनके द्वारा पूछा गया कि कितने कर्मचारी यहां कार्य कर रहे है एवं किन-किन कर्मचारियो को क्या-क्या कार्य सौंपा गया है। एस.एल.आर.एम. सेंटर में संग्रहित कचरे कैसे अलग-अलग किये जा रहा है। आर्गेनिक वेस्ट से किस प्रकार मशीनो के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है, उसको देखा। अन्त में जाते समय उन्होने निगम भिलाई के कार्यो से खुशी व्यक्त करते हुए सबको अपनी सुरक्षा रखते हुए मिलकर कार्य करने की सलाह दी गई। वापस लौटते समय उनके द्वारा महिलाओ द्वारा बनाये जा रहे खाद खरीदकर अपने साथ लेकर गये।






# प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो की सुविधा के लिए ऋण मेला

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियो के लिए 28 अगस्त को ऋण मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारो को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करके लाॅटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है। हितग्राहियो द्वारा आवास आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करने पश्चात मकान का अधिपत्य पत्र उन्हे सौंपा जाता है। बहुत से हितग्राही शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नही कर पा रहे है। ऐसे हितग्राहियो के लिए ऋण मेला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का शेष राशि जमा करके मकान प्राप्त कर सकेगें। आवास ऋण मेला नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर मे प्रातः 11ः00 बजे से से 3ः00 बजे तक लगाया जायेगा। बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर आवास लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राही उसका लाभ ले सकते है। बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज- आबंटन पत्र की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, शपथ पत्र, 6 माह का बैंक स्टेटमेंट, वेतन प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साईज फोटो, किरायानामा, जमा की गई राशि के रसीद की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर आना है। आवास हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त कर आबंटित आवास प्राप्त कर सकते है। प्रमुख बैंक जिनके माध्यम से लोन प्रदान किया जायेगा। आई.आई.एफ.एल. होम लोन सुपेला भिलाई, पिरामल केपिटल एंड हाउसिंग लिमिटेड सुपेला भिलाई, इजी होम फायनेंस रायपुर, स्वतत्रं माईक्रो फायनेंस कार्पोरेशन रायपुर, आवास फायनेंस दुर्ग, आवास फाईनेस पावर हाउस भिलाई आदि बैंक संयुक्त रूप से अपने ब्याज दर के विवरणी के साथ उपस्थित रहेगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी आबंटितो से अपील की है कि अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त करके शेष राशि जमा कर मोर मकान-मोर आस योजना अंतर्गत आबंटित मकान प्राप्त कर सकते है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# नगर निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण लोकेशन के 50 भूखण्ड नीलामी द्वारा आबंटित किये जायेगे।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण लोकेशन का भूखण्ड नीलामी के माध्यम से आबंटित किये जायेगे। पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न लोकेशन पर प्लाट आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसे शासन से प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार भूखण्डो की नीलामी करके अधिकतम बोली दाता को प्लाट आबंटित किये जायेगें।

नगर निगम भिलाई के वेबसाईड पर नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग से अनुमोदित चिन्हित मानचित्र के अनुसार 50 भूखण्ड नीलामी हेतु उपलब्ध है। प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के जोन-01 नेहरू नगर में मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व के 10 भूखण्ड, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना के 10 भूखण्ड, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना के 4 भूखण्ड है। इसी तारतम्य में जोन-02 वैशाली नगर के जवाहर नगर आवासीय योजना के 6 भूखण्ड एवं जोन-03 मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना के 7 भूखण्ड तथा जोन-04 शिवाजी नगर आवासीय योजना के 13 भूखण्ड उपलब्ध है। इस प्रकार कुल 50 भूखण्डो के संबंध में जानकारी नगर निगम के वेबसाईट htpps://eproc.cgstate.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

भूखण्ड खरीदने वाले इच्छुक व्यक्ति संबंधित पोर्टल पर अपने पसंद का प्लाट चयन कर सकते है। भूखण्ड के संबंध में अधिक जानकारी की किस प्लाट के लिए, कितनी अमानत राशि जमा करके नीलामी में सहभागी बना जा सकता है, उसका उल्लेख है। भूखण्ड के वास्तविक लोकेशन के बारे में जानकारी जोन के राजस्व अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

गौरतलब है, कि सभी भूखण्ड पूर्णतः रिक्त है, जारी किये गये नक्शे के अनुरूप है। आबंटन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत अमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य है। उसके बाद नीलामी में भागीदार बना जा सकता है। अधिकतम बोली दाता को भूखण्ड आबंटित किया जायेगा। निर्धारित तिथि के अंदर प्रक्रिया में शामिल होना अनिवार्य है। आबंटन कि प्रक्रिया पश्चात नियमानुसार आबंटिती को भूस्वामीत्व प्रदान किया जायेगा।






**नगर पालिक निगम भिलाई**

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर युद्व स्तर पर कार्यवाही जारी।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण मे संपूर्ण घटको को लेकर कार्यवाही जारी है। इस संबंध में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी अधिकारी कर्मचारियो की बैठक लेकर सभी के दायित्वो को निर्धारित कर दिया है। उसी के अनुरूप वृहद रूप से कार्यवाही की जा रही है। निगम के जोन आयुक्त, अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अपने दायित्वो के अनुसार फिल्ड में जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के अनुरूप किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। जो भी सुधार है, उसे पूरा करवा रहे है

इसी के तारतम्य में सभी जोन के प्रमुख मार्केट मे जाकर सिंगलयूज प्लास्टिक, सड़क एवं नालियो में गंदगी फैलाने वाले, सड़े गले फल-फ्रूट, जूस, खादय पदार्थ बेचने वालो पर वृहद रूप से कार्यवाही करते हुए सामग्री जप्त कर रहे है। चालानी कार्यवाही करते हुए 96000 हजार से अधिक अर्थदण्ड वसूला गया। नाला, नालियो की सफाई, जी.व्ही.पी. प्वांइट को व्यवस्थित करना, सुलभ शौचालय में सुविधाओ को बढ़ाना, अनावश्यक रूप से कहीं पर भी कचरा संग्रहण पाये जाने पर उसको साफ-सफाई कर उस जगह पर पेवर ब्लाक लगाना, पेंटिग करना एवं सौदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रकार के कार्यवाही का प्रतिदिन की रिपोर्ट आयुक्त को प्रस्तुत किया जा रहा है। किये जा रहे कार्यो की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह ली जा रही है।

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सब सहयोग करे। नगर निगम भिलाई अपने सीमित संसाधनो से सभी प्रकार का प्रयास कर रहा है। बिना सब के प्रयास से हम सब भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी नहीं बना सकते। इंदौर शहर अग्रणी बना है तो इसके पिछे स्थानीय निवासियो का भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमारे भिलाई की बसावट के अनुसार हम सब मिलकर इसको सर्व सुविधा युक्त स्वच्छ साफ-सुथरा शहर बना सकते है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम प्रशासन ने 04 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाईनगर। भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। गौरतलब है निगम सभागार में सोमवार को 04 कर्मचारियों को बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी जनगणना विभाग से सहायक गे्रड-02 श्रीमती शोभा चैबे, जोन क्रमांक 03 से सहायक ग्रेड-02 श्री पूरन लाल चन्द्राकर, पम्प सहायक श्री सुनील कुमार अग्रवाल एवं सफाई कामगार श्रीमती मनटोरा बाई को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इन सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 02 सितम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। बिदाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, युनियन के पदाधिकारी संजय शर्मा, शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती, वामन राव, नलनिश मिश्रा, पुरूषोत्तम साहू, राजसक्चर, रीता चतुर्वेदी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अजय कुमार शुक्ला
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई